# TOPPERSEXAM.COM

10-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- राष्ट्रमंडल खेल 2026: भारत ने जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान के माध्यम से टिकाऊ वस्त्रों और हरित विनिर्माण की नई मिसाल पेश की (sports)
- सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP): भारत के सेवा क्षेत्र की मासिक निगरानी के लिए नया आर्थिक संकेतक (rank&reports)
- मिजोरम विश्वविद्यालय का प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय बना भारत का 21वाँ नामित भंडार: जैव विविधता संरक्षण को मिलेगा नया वैज्ञानिक आधार (state in news)
- नर्मदा परियोजना भुगतान समझौता: चार राज्यों ने लागत साझाकरण एवं अंतरराज्यीय जल प्रबंधन को नई दिशा दी (national)
- TribeX: भारत की जनजातीय कला, संस्कृति एवं पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण हेतु पहला राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षण मंच (national)
- भारत–इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी: रक्षा, इंडो-पैसिफिक सहयोग और उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में 14 समझौतों से संबंधों को नई गति (international)
- कामराजर बंदरगाह बना भारत का दूसरा 18 मीटर परिचालन ड्राफ्ट वाला प्रमुख बंदरगाह: समुद्री व्यापार और लॉजिस्टिक्स क्षमता को नई मजबूती (national)
- वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस: स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास की दिशा में वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक (imp. day)

## 1. राष्ट्रमंडल खेल 2026: भारत ने जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान के माध्यम से टिकाऊ वस्त्रों और हरित विनिर्माण की नई मिसाल पेश की




राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पहली बार भारतीय एथलीट और अधिकारी राष्ट्रीय जूट बोर्ड (NJB) द्वारा विकसित 100% जैव-अपघटनीय जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान पहनेंगे। यह पहल भारत की सतत विकास, ग्रीन टेक्सटाइल, सर्कुलर इकोनॉमी और मेक इन इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगी। इससे भारतीय जूट उद्योग, प्राकृतिक रेशों और मूल्यवर्धित जूट उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने के साथ निर्यात और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

## 2. सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP): भारत के सेवा क्षेत्र की मासिक निगरानी के लिए नया आर्थिक संकेतक



सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) पर तकनीकी सलाहकार समिति की रिपोर्ट जारी की है, जिसका आधार वर्ष 2024-25 रखा गया है तथा इसका परीक्षण 14 जुलाई 2026 से शुरू होगा। यह भारत के औपचारिक सेवा क्षेत्र के उत्पादन को मापने वाला पहला मासिक उच्च-आवृत्ति आर्थिक सूचकांक होगा, जो IIP की तर्ज पर सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन का आकलन करेगा।

## 3. मिजोरम विश्वविद्यालय का प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय बना भारत का 21वाँ नामित भंडार : जैव विविधता संरक्षण को मिलेगा नया वैज्ञानिक आधार



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (NHM) को जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 39 के तहत भारत का 21वाँ नामित भंडार (Designated Repository) घोषित किया है। यह संस्थान जैविक नमूनों, Voucher Specimens एवं Type Specimens के संरक्षण, प्रलेखन और अनुसंधान का अधिकृत केंद्र होगा।

## 4. नर्मदा परियोजना भुगतान समझौता : चार राज्यों ने लागत साझाकरण एवं अंतरराज्यीय जल प्रबंधन को नई दिशा दी



7 जुलाई 2026 को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र ने नर्मदा परियोजना से जुड़े लंबित वित्तीय दायित्वों के समाधान हेतु एक ऐतिहासिक भुगतान समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (NWDT) के निर्णय के अनुरूप सरदार सरोवर और इंदिरा सागर परियोजना की लागत, पुनर्वास, भूमि मुआवजा एवं अन्य वित्तीय मामलों के निपटान से संबंधित है।

### 5. TribeX: भारत की जनजातीय कला, संस्कृति एवं पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण हेतु पहला राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षण मंच

जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने 7 जुलाई 2026 को TribeX नामक भारत का पहला डिजिटल जनजातीय शिक्षण एवं ज्ञान मंच लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य जनजातीय कला, संस्कृति, भाषाओं, पारंपरिक ज्ञान और कौशल विकास को एकीकृत डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। इस प्लेटफॉर्म पर प्रारंभिक चरण में 20 निःशुल्क प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम तथा UGC मान्यता प्राप्त पाँच एक-वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

### 6. भारत–इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी: रक्षा, इंडो-पैसिफिक सहयोग और उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों मे 14 समझौतों से संबंधों को नई गति

7 जुलाई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, डिजिटल भुगतान, शिक्षा, अंतरिक्ष एवं महत्वपूर्ण खनिजों सहित 14 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल और अस्त्र (Astra) BVRAAM खरीदने की घोषणा की, जिससे भारत के रक्षा निर्यात को नई मजबूती मिलेगी।



### 7. कामराजर बंदरगाह बना भारत का दूसरा 18 मीटर परिचालन ड्राफ्ट वाला प्रमुख बंदरगाह: समुद्री व्यापार और लॉजिस्टिक्स क्षमता को नई मजबूती

कैपिटल ड्रेजिंग फेज-VI परियोजना के पूरा होने के बाद तमिलनाडु का कामराजर पोर्ट भारत का दूसरा प्रमुख बंदरगाह बन गया है, जहाँ 18 मीटर का परिचालन ड्राफ्ट उपलब्ध है। लगभग ₹440 करोड़ की इस परियोजना से बंदरगाह अब 1,70,000 DWT तक के Cape-size Bulk Carriers को संभालने में सक्षम हो गया है। इससे बड़े जहाजों की आवाजाही, माल ढुलाई क्षमता और बंदरगाह संचालन की दक्षता में वृद्धि होगी तथा लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी।



### 8. वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस: स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास की दिशा मे वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक

वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष 10 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम कर नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। यह दिवस ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन से निपटने में सतत ऊर्जा स्रोतों के महत्व को रेखांकित करता है। भारत राष्ट्रीय सौर मिशन, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, PM-KUSUM, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) जैसी पहलों के माध्यम से ऊर्जा संक्रमण को गति दे रहा है।



**1. राष्ट्रमंडल खेल 2026 मे भारतीय दल द्वारा पहने जाने वाले जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान का विकास किस संस्था ने किया है?**



A - भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)

B - राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT)

C - राष्ट्रीय जूट बोर्ड (NJB)

D - भारतीय ओलंपिक संघ

राष्ट्रमंडल खेल 2026 मे भारतीय दल पहली बार राष्ट्रीय जूट बोर्ड (NJB) द्वारा विकसित 100% जैव-अपघटनीय जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान पहनेगा, जो भारत की सतत विकास और मेक इन इंडिया पहल को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा।

**2. सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) किस मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है?**




A - वित्त मंत्रालय

B - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

C - सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)

D - नीति आयोग

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) की शुरुआत की है, जो भारत के औपचारिक सेवा क्षेत्र का पहला मासिक उच्च-आवृत्ति आर्थिक सूचकांक होगा तथा इसका आधार वर्ष 2024-25 है। यह सूचकांक GST, प्रशासनिक अभिलेख और ASISSE के आधार पर सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन का आकलन कर साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और आर्थिक विश्लेषण को अधिक सटीक बनाएगा।

**3. मिजोरम विश्वविद्यालय के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (NHM) को भारत का कौन-सा नामित भंडार घोषित किया गया है?**




A - 18वाँ

B - 19वाँ

C - 20वाँ

D - 21वाँ

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने मिजोरम विश्वविद्यालय के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (NHM) को जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के तहत भारत का 21वाँ नामित भंडार (Designated Repository) घोषित किया है। यह संस्थान दुर्लभ जैविक नमूनों के संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा भारत-बर्मा जैव विविधता हॉटस्पॉट की प्रजातियों के प्रलेखन और संरक्षण को मजबूत करेगा।

**4. नर्मदा परियोजना से संबंधित भुगतान समझौते पर कितने राज्यों ने हस्ताक्षर किए?**



A - 2

B - 3

C - 4

D - 5

मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र ने नर्मदा परियोजना से जुड़े लंबित वित्तीय दायित्वों के समाधान हेतु ऐतिहासिक भुगतान समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (NWDT) के निर्णय पर आधारित है। यह समझौता सरदार सरोवर एवं इंदिरा सागर परियोजना से संबंधित लागत, पुनर्वास और भूमि मुआवजे के निपटान के साथ सहकारी संघवाद एवं जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत करेगा।

Contact No. - 7891099005, 7891099006

**5. TribeX के प्रारंभिक चरण मे कितने निःशुल्क प्रमाणपत्र (Certificate) पाठ्यक्रम शुरू किए गए है ?**

A - 10 | B - 15

C - 20 | D - 25

जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने TribeX नामक भारत का पहला डिजिटल जनजातीय शिक्षण एवं ज्ञान मंच लॉन्च किया, जो जनजातीय कला, संस्कृति, भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण तथा कौशल विकास को बढ़ावा देगा। इस मंच पर 20 निःशुल्क प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, UGC मान्यता प्राप्त 5 स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम तथा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।




**6. भारत और इंडोनेशिया के बीच कुल कितने द्विपक्षीय समझौतों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए ?**

A - 10 | B - 12

C - 14 | D - 16

भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, व्यापार, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, शिक्षा एवं अंतरिक्ष सहित 14 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर कर अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया। इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस और अस्त्र (Astra) BVRAAM मिसाइले खरीदने की घोषणा की तथा दोनों देशों ने मुक्त एवं नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक और ASEAN की केंद्रीय भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



**7. कैपिटल ड्रेजिंग फेज-VI परियोजना के बाद कामराजर पोर्ट भारत का कौन-सा प्रमुख बंदरगाह बना है जहाँ 18 मीटर का परिचालन ड्राफ्ट उपलब्ध है ?**

A - पहला | B - दूसरा

C - तीसरा | D - चौथा

कैपिटल ड्रेजिंग फेज-VI परियोजना के बाद तमिलनाडु का कामराजर पोर्ट भारत का दूसरा प्रमुख बंदरगाह बन गया है, जहाँ 18 मीटर का परिचालन ड्राफ्ट उपलब्ध है और अब यह 1,70,000 DWT तक के Cape-size Bulk Carriers को संभाल सकता है। इससे EXIM व्यापार, ब्लू इकोनॉमी, सागरमाला कार्यक्रम, लॉजिस्टिक्स दक्षता और भारत की वैश्विक समुद्री प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।



**8. वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस विशेष रूप से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) से संबंधित है ?**

A - SDG-2 (भुखमरी समाप्त करना) | B - SDG-7 (सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा)

C - SDG-5 (लैंगिक समानता) | D - SDG-16 (शांति, न्याय एवं सशक्त संस्थाएँ)

वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष 10 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



# One Liner

1. वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है? - 10 जुलाई

2. भारत–इंडोनेशिया के बीच हाल ही मे कितने द्विपक्षीय समझौतों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए? - 14

3. TribeX नामक भारत का पहला डिजिटल जनजातीय शिक्षण एवं ज्ञान मंच किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है? - जनजातीय मामलों का मंत्रालय

4. मिजोरम विश्वविद्यालय के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (NHM) को भारत का कौन-सा नामित भंडार (Designated Repository) घोषित किया गया है? - 21वाँ

5. नर्मदा परियोजना भुगतान समझौते मे कुल कितने राज्यों ने भाग लिया? - चार राज्य (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र)

6. सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) का प्रस्तावित आधार वर्ष क्या रखा गया है? - 2024-25

7. राष्ट्रमंडल खेल 2026 मे भारतीय दल द्वारा पहने जाने वाले 100% जैव-अपघटनीय जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक परिधान का विकास किस संस्था ने किया है? - राष्ट्रीय जूट बोर्ड (NJB)

8. इंडोनेशिया ने भारत से कौन-सी सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल खरीदने की घोषणा की है? - ब्रह्मोस (BrahMos)

9. कामराजर पोर्ट भारत का दूसरा प्रमुख बंदरगाह बना है जहाँ कितने मीटर का परिचालन ड्राफ्ट उपलब्ध है? - 18 मीटर

10. कैपिटल ड्रेजिंग फेज-VI परियोजना के बाद कामराजर पोर्ट अब अधिकतम कितने DWT तक के Cape-size Bulk Carriers को संभाल सकता है? - 1,70,000 DWT

# TOPPERSEXAM.COM

10-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- **Commonwealth Games 2026: India sets new example of sustainable textiles and green manufacturing with jute-viscose blend official apparel (sports)**
- **Index of Services Production (ISP): New economic indicator to monitor India's services sector monthly (rank&reports)**
- **Mizoram University's Natural History Museum becomes India's 21st designated reserve: Biodiversity conservation to gain new scientific footing (state in news)**
- **Narmada Project Payment Agreement: Four States Break New Directions for Cost Sharing and Inter-State Water Management (National)**
- **TribeX: India's first national digital learning platform for preserving tribal art, culture and traditional knowledge**
- **India-Indonesia Comprehensive Strategic Partnership: 14 agreements in defence, Indo-Pacific cooperation and high-technology sectors give new impetus to ties (international)**
- **Kamarajar Port becomes India's second major port with an operational draft of 18 metres: Strengthening maritime trade and logistics capabilities (national)**
- **Global Energy Independence Day: A symbol of global commitment to clean energy, energy security and sustainable development**

## 1. Commonwealth Games 2026: India sets a new benchmark for sustainable textiles and green manufacturing through official attire made from a jute-viscose blend

**For the first time at the Commonwealth Games 2026, Indian athletes and officials will wear official attire made from a 100% biodegradable jute-viscose blend, developed by the National Jute Board (NJB). This initiative will showcase India's commitment to sustainable development, green textiles, the circular economy, and the 'Make in India' initiative on a global stage.**




## 2. Index of Service Production (ISP): A New Economic Indicator for Monthly Monitoring of India's Service Sector

**The Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) has released the report of the Technical Advisory Committee on the Index of Service Production (ISP); the index will have a base year of 2024-25, and its trial run is set to begin on July 14, 2026. This will be the first monthly high-frequency economic index to measure output in India's formal services sector, assessing performance along the lines of the Index of Industrial Production (IIP).**



## 3. Mizoram University's Natural History Museum Becomes India's 21st Designated Repository: A New Scientific Basis for Biodiversity Conservation

**The Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC) has declared the Natural History Museum (NHM) at Mizoram University, Aizawl, as India's 21st Designated Repository under Section 39 of the Biological Diversity Act, 2002. This institution will serve as an authorized center for the preservation, documentation, and research of biological samples, voucher specimens, and type specimens.**



## 4. Narmada Project Payment Agreement: Four states chart a new course for cost-sharing and inter-state water management

**On July 7, 2026, the states of Madhya Pradesh, Gujarat, Rajasthan, and Maharashtra signed a historic payment agreement to resolve outstanding financial obligations related to the Narmada project.**



## 5. TribeX: India's First National Digital Learning Platform for Preserving Tribal Art, Culture, and Traditional Knowledge

On July 7, 2026, the Ministry of Tribal Affairs launched 'TribeX,' India's first digital tribal learning and knowledge platform, aimed at making tribal art, culture, languages, traditional knowledge, and skill development resources available on a unified digital interface.

TribeX
Learn Tribal, Live Culture
MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS
A Digital Learning Platform

## 6. India-Indonesia Comprehensive Strategic Partnership: Relations gain new momentum with 14 agreements across defense, Indo-Pacific cooperation, and high-tech sectors

During Prime Minister Narendra Modi's visit to Indonesia on July 7, 2026, India and Indonesia signed 14 bilateral agreements covering defense, maritime security, trade, digital payments, education, space, and critical minerals.



## 7. Kamarajar Port Becomes India's Second Major Port with an 18-Meter Operational Draft: A Boost to Maritime Trade and Logistics Capacity

Following the completion of the Capital Dredging Phase-VI project, Tamil Nadu's Kamarajar Port has become India's second major port to offer an operational draft of 18 meters. With this project—valued at approximately ₹440 crore—the port is now capable of handling Cape-size bulk carriers of up to 170,000 DWT.



## 8. Global Energy Independence Day: A symbol of global commitment towards clean energy, energy security, and sustainable development.

Global Energy Independence Day is observed annually on July 10, aiming to promote renewable energy and energy self-reliance by reducing dependence on fossil fuels. The day underscores the importance of sustainable energy sources in ensuring energy security, advancing clean technology, and combating climate change.



# TOPPERSEXAM.COM

**1. Which organization has developed the official jute-viscose blend attire to be worn by the Indian contingent at the 2026 Commonwealth Games?**



A - Sports Authority of India (SAI)

B - National Institute of Fashion Technology (NIFT)

C - National Jute Board (NJB)

D - Indian Olympic Association

At the 2026 Commonwealth Games, the Indian contingent will wear official attire made of a 100% biodegradable jute-viscose blend developed by the National Jute Board (NJB), showcasing India's commitment to sustainable development and the 'Make in India' initiative on a global stage.

**2. Which ministry has developed the Index of Service Production (ISP)?**




A - Ministry of Finance

B - Ministry of Commerce and Industry

C - Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI)

D - NITI Aayog

The Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) has launched the Index of Service Production (ISP), which will be the first monthly high-frequency economic index for India's formal service sector, with 2024-25 as its base year.

**3. Which designated repository of India has the Natural History Museum (NHM) of Mizoram University been declared?**




A - 18th

B - 19th

C - 20th

D - 21th

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC) has declared the Natural History Museum (NHM) of Mizoram University as India's 21st designated repository under the Biological Diversity Act, 2002.

**4. How many states signed the payment agreement related to the Narmada project?**



A - 2

B - 3

C - 4

D - 5

Madhya Pradesh, Gujarat, Rajasthan, and Maharashtra signed a historic payment agreement to resolve outstanding financial obligations linked to the Narmada project, based on the verdict of the Narmada Water Disputes Tribunal (NWDT).

Contact No. - 7891099005, 7891099006

**5. How many free certificate courses have been launched in the initial phase of TribeX?**

A - 10 B - 15

C - 20 D - 25

The Ministry of Tribal Affairs launched 'TribeX', India's first digital tribal learning and knowledge platform, aimed at promoting skill development and the preservation of tribal art, culture, languages, and traditional knowledge. The platform will offer 20 free certificate courses, 5 UGC-recognized postgraduate diploma programs, and academic programs conducted in collaboration with Sampurnanand Sanskrit University.




**6. How many bilateral agreements (MoUs) were signed between India and Indonesia?**

A - 10 B - 12

C - 14 D - 16

India and Indonesia strengthened their comprehensive strategic partnership by signing 14 bilateral agreements covering areas such as defense, trade, maritime security, digital payments, education, and space.



**7. Following the Capital Dredging Phase-VI project, which major Indian port has become the second to offer an operational draft of 18 meters?**

A - First B - Second

C - Third D - Fourth

With the completion of the Capital Dredging Phase-VI project, Kamarajar Port in Tamil Nadu has become the second major Indian port to provide an operational draft of 18 meters, enabling it to handle Cape-size bulk carriers of up to 170,000 DWT.



**8. Global Energy Independence Day is specifically associated with which Sustainable Development Goal (SDG)?**

A - SDG-2 (Zero Hunger) B - SDG-7 (Affordable and Clean Energy)

C - SDG-5 (Gender Equality) D - SDG-16 (Peace, Justice and Strong Institutions)

Global Energy Independence Day is observed annually on July 10, aiming to raise awareness about renewable energy, energy self-reliance, and reducing dependence on fossil fuels.



# One Liner

1. Kamarajar Port has become the second major port in India to offer an operational draft of how many meters? - 18 meters

2. Which designated repository of India has the Natural History Museum (NHM) of Mizoram University been declared? - 21st

3. Which organization developed the 100% biodegradable jute-viscose blend official attire to be worn by the Indian contingent at the 2026 Commonwealth Games? - National Jute Board (NJB)

4. Which supersonic cruise missile has Indonesia announced it will purchase from India? - BrahMos

5. What is the proposed base year for the Index of Service Production (ISP)? - 2024-25

6. Following the Capital Dredging Phase-VI project, what is the maximum DWT capacity of Cape-size Bulk Carriers that Kamarajar Port can now handle? - 170,000 DWT

7. Which ministry launched India's first digital tribal learning and knowledge platform named 'TribeX'? - Ministry of Tribal Affairs

8. On which date is Global Energy Independence Day observed annually? - July 10

9. How many states participated in the Narmada Project payment agreement? - Four states (Madhya Pradesh, Gujarat, Rajasthan, and Maharashtra)

10. How many bilateral agreements (MoUs) were recently signed between India and Indonesia? - 14